उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## बुधवार, 24 फाल्गुन, शक संवत्, 1944

( दिनांक : 15 मार्च, 2023 )

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)।

3. निधन के निदेश।

4. संसदीय कार्य मंत्री, पंचम विधान सभा के वर्ष, 2022 के तृतीय सत्र में उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य-संचालन नियमावली, 2005 के नियम-300 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण उत्तराखण्ड विधान सभा के अध्यक्ष द्वारा जारी किये गये प्रक्रिया संबंधी निदेश संख्या-14 (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखेंगे।

5. मुख्यमंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-151(2) के अधीन भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक, द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित लेखापरीक्षा प्रतिवेदन ''31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए 74वें संविधान संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन पर निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन'' (प्रतिवेदन संख्या-2 वर्ष 2022) को सदन के पटल पर रखेंगे।

6. मुख्यमंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-151(2) के अधीन उत्तराखण्ड शासन से सम्बन्धित 31 मार्च, 2020 एवं 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्षो के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का अनुपालन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन संख्या-03 वर्ष 2022 को सदन के पटल पर रखेंगे।

7. मुख्यमंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-151 (2) के अधीन भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक का वित्त एवं विनियोग लेखा प्रतिवेदन (खण्ड-I एवं खण्ड-II) प्रतिवेदन वर्ष 2021-22 को सदन के पटल पर रखेंगे।

8. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

9. श्री शहजाद, सदस्य, विधान सभा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र लक्सर के अन्तर्गत ग्राम नेहन्दपुर सुठारी-अलावलपुर के मध्य बह रही बाण गंगा पर बॉक्स कलवर्ट पुल निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री सोनू कुमार, ग्राम अलावलपुर, हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री सुरेश चौहान, सदस्य, विधान सभा ''जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र गंगोत्री के अन्तर्गत विकास खण्ड भटवाड़ी के ग्राम पंचायत साल्ड में जगन्नाथ मन्दिर से ठणोगी तथा ठणोगी से पन्वारा तोक तक कृषि सुरक्षा घेरबाड़ कार्य करवाने के सम्बन्ध में'' श्रीमती विजय देवी महर पत्नी श्री गुलाब सिंह, ग्राम व पो0 साल्ड, जनपद उत्तरकाशी एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

12. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

13. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

14. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

15. मत्स्य पालन मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड मत्स्य अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2022 जो दिनांक 30 नवम्बर, 2022 के उपवेशन में पुरःस्थापित हुआ, पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

16. मत्स्य पालन मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड मत्स्य अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2022 जो दिनांक 30 नवम्बर, 2022 के उपवेशन में पुरःस्थापित हुआ, को पारित किया जाय।

17. शहरी विकास मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916) (संशोधन) विधेयक, 2022 जो दिनांक 30 नवम्बर, 2022 के उपवेशन में पुरःस्थापित हुआ, पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

18. शहरी विकास मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916) (संशोधन) विधेयक, 2022 जो दिनांक 30 नवम्बर, 2022 के उपवेशन में पुरःस्थापित हुआ, को पारित किया जाय।

19. शहरी विकास मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959) (संशोधन) विधेयक, 2022 जो दिनांक 30 नवम्बर, 2022 के उपवेशन में पुरःस्थापित हुआ, पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

20. शहरी विकास मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959) (संशोधन) विधेयक, 2022 जो दिनांक 30 नवम्बर, 2022 के उपवेशन में पुरःस्थापित हुआ, को पारित किया जाय।

21. वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड पेंशन हेतु अर्हकारी सेवा तथा विधिमान्यकरण विधेयक, 2022 जो दिनांक 30 नवम्बर, 2022 के उपवेशन में पुरःस्थापित हुआ, पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

22. वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड पेंशन हेतु अर्हकारी सेवा तथा विधिमान्यकरण विधेयक, 2022 जो दिनांक 30 नवम्बर, 2022 के उपवेशन में पुरःस्थापित हुआ, को पारित किया जाय।

23. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश भू-राजस्व अधिनियम, 1901) (संशोधन) विधेयक, 2022 जो दिनांक 30 नवम्बर, 2022 के उपवेशन में पुरःस्थापित हुआ, पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

24. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश भू-राजस्व अधिनियम, 1901) (संशोधन) विधेयक, 2022 जो दिनांक 30 नवम्बर, 2022 के उपवेशन में पुरःस्थापित हुआ, को पारित किया जाय।

25. सहकारिता मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2022 जो दिनांक 30 नवम्बर, 2022 के उपवेशन में पुरःस्थापित हुआ, पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

26. सहकारिता मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2022 जो दिनांक 30 नवम्बर, 2022 के उपवेशन में पुरःस्थापित हुआ, को पारित किया जाय।

27. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्धन (संशोधन) विधेयक, 2023 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

28. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्धन (संशोधन) विधेयक, 2023 को पारित किया जाय।

29. उच्च शिक्षा मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी रूड़की (संशोधन) विधेयक, 2023 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

30. उच्च शिक्षा मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी रूड़की (संशोधन) विधेयक, 2023 को पारित किया जाय।

31. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार (संशोधन) विधेयक, 2023 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

32. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार (संशोधन) विधेयक, 2023 को पारित किया जाय।

33. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) विधेयक, 2023 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

34. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) विधेयक, 2023 को पारित किया जाय।

35. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि सरकारी अनुदान अधिनियम, 1895 (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2023 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

36. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि सरकारी अनुदान अधिनियम, 1895 (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2023 को पारित किया जाय।

37. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (संशोधन) विधेयक, 2023 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

38. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (संशोधन) विधेयक, 2023 को पारित किया जाय।

39. संसदीय कार्य मंत्री निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगेः-

**उद्देश्यः-** उत्तराखण्ड राज्य में नजूल भूमि (नगरीय एवं ग्रामीण) के बेहतर प्रबंधन, व्यवस्थापन, निस्तारण, राजस्व प्राप्तियाँ, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को किफायती आवास एवं उक्त वर्ग के स्वरोजगार के अवसर को सुरक्षित करने, पट्टाधारकों के हितों को सुरक्षा प्रदान करने एवं अवैध अध्यासियों के कब्जे की नजूल भूमि इत्यादि तथा इससे संबंधित अनुषांगिक विषयों की व्यवस्था करने के लिए उत्तराखण्ड नजूल भूमि (प्रबंधन, व्यवस्थापन एवं निस्तारण) अधिनियम, 2021 प्रख्यापित किया जाना प्रस्तावित है।

**प्रस्तावनाः-**

विधान सभा के पटल पर पूर्व में उत्तराखण्ड नजूल भूमि प्रबंधन, व्यवस्थापन एवं निस्तारण विधेयक, 2021 को विधान सभा सत्र 2021 में दिसम्बर माह में आयोजित सत्र में विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था। विधानसभा के पटल से पारित होने के उपरांत महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा उक्त विधेयक को मा0 राष्ट्रपति, भारत संघ की अनुमति हेतु गृह विभाग, भारत सरकार को संदर्भित किया गया था। गृह विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित विधेयक की धारा 14 (1) एवं धारा 15 के संदर्भ में निम्नवत् संशोधन किये जाने की अपेक्षा की गयी हैः-

1- In clause 14 (1) of the Bill, The word 'promulgation' is in appropriate and it should be substituted with the word 'commencement';

2- Clause 15 of the Bill Provides for power to make rules to carry out the provisions of this Act. Provisions in particular for which the rules are to be framed are not mentioned in this clause, Further, there is no provision for laying of these rules before the State Legislature.

गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा की गई अपेक्षा के क्रम में पूर्व में प्रस्तुत उत्तराखण्ड नजूल भूमि प्रबंधन, व्यवस्थापन एवं निस्तारण विधेयक, 2021 की धारा 14(1) एवं 15 में निम्नवत् संशोधन करते हुए उत्तराखण्ड नजूल भूमि (प्रबंधन, व्यवस्थापन एवं निस्तारण) अधिनियम, 2021 प्रख्यापित किया जाना प्रस्तावित हैः-

| पूर्व प्रस्तावित प्राविधान | | प्रस्तावित संशोधित **प्राविधान** |
|---|---|---|
| 14(1) यदि इस अधिनियम के उपबंधों को क्रियान्वित करने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो राज्य सरकार राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा ऐसे उपबंध कर सकेगी, जो इस अधिनियम के उपबंधों से असंगत न हो और जो कठिनाईयों को दूर करने के लिए आवश्यक या समीचीन प्रतीत होः<br>परन्तु ऐसा कोई आदेश इस अधिनियम के प्रख्यापित होने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात् नहीं निकाला जाएगा। | | 14(1) यदि इस अधिनियम के उपबंधों को क्रियान्वित करने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो राज्य सरकार राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा ऐसे उपबंध कर सकेगी, जो इस अधिनियम के उपबंधों से असंगत न हो और जो कठिनाइयों को दूर करने के लिए आवश्यक या समीचीन प्रतीत हो :<br>परन्तु ऐसा कोई आदेश इस अधिनियम के प्रारम्भ होने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात् नहीं निकाला जाएगा। |
| 15 राज्य सरकार इस अधिनियम के उपबंधों को क्रियान्वित करने के लिए राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना द्वारा नियम बना सकेगी। | 15 (1)<br><br><br><br>(2) | राज्य सरकार इस अधिनियम के उपबंधों को क्रियान्वित करने के लिए राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना द्वारा निम्नवत् के संबंध में नियम बना सकेगी,<br>पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियम निम्नलिखित सभी या किन्ही विषयों के लिए उपबंध कर सकेंगी अर्थातः- |
| | (क) | नजूल भूमि (नगरीय एवं ग्रामीण) के बेहतर प्रबंधन, व्यवस्थापन एवं निस्तारण तथा राजस्व प्राप्तियों; |
| | (ख) | पट्टा आवंटन, पट्टा नवीनीकरण, फ्रीहोल्ड इत्यादि; |
| | (ग) | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को किफायती आवास एवं उक्त वर्ग के स्वरोजगार के अवसर को सुरक्षित करना; |
| | (ङ) | पट्टाधारकों के हितों को सुरक्षा प्रदान करना; |

| | | |
|---|---|---|
| | (च) | अवैध अध्यासियों के कब्जे की नजूल भूमि इत्यादि; |
| | (छ) | शासकीय विभागों को सार्वजानिक प्रयोजनार्थ यथाः भवन, पार्क, पार्किंग, शौचालय इत्यादि हेतु; |
| | (ज) | अन्य अनुषांगिक विषय। |
| | (3) | इस धारा के अधीन बनाये गये नियम, बनाए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र राज्य विधान सभा के समक्ष रखे जाएगें। |

तद्नुसार उत्तराखण्ड नजूल भूमि (प्रबंधन, व्यवस्थापन एवं निस्तारण) विधेयक, 2021 के आलेख्य के खण्ड-14 एवं 15 में प्रस्तावित संशोधन पर मा0 सदन के विचारार्थ प्रस्तुत करते हुए मा0 सदन का अनुमोदन चाहता हूँ।

---

**(समय : अपराह्न 02:00 बजे)।**

**40.** वित्त मंत्री, वित्तीय वर्ष 2023-2024 का आय व्ययक प्रस्तुत करेंगे।

**41.** नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**42.** जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र देहरादून-कैंट के अन्तर्गत सीमाद्वार, शास्त्रीनगर, द्रोणपुरी एवं इन्दिरानगर में पुरानी पेयजल लाइनों को बदले जाने के सम्बन्ध में श्रीमती सविता कपूर, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 14 मार्च, 2023 को दी गई सूचना पर पेयजल मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

**43.** जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के नया झिरना व नया लालढांग पुनर्स्थापित ग्रामों को राजस्व ग्राम न बनाये जाने से व्याप्त असंतोष के सम्बन्ध में श्री दीवान सिंह बिष्ट, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 14 मार्च, 2023 को दी गई सूचना पर वन मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**भराड़ीसैंण :**
**दिनांक : 14 मार्च, 2023**

**(हिम चन्द्र पन्त)**
**प्रभारी सचिव।**

प्रथम सत्र, 2023
का प्रथम बुधवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

**बुधवार,**

**24 फाल्गुन, शक संवत्, 1944**

**(दिनांक : 15 मार्च, 2023)**

## नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| **श्रीमती अनुपमा रावत**<br>**27.03.2023** | ** क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बतायेंगे कि राज्य में कितनी राशन की दुकानों से घटिया राशन के वितरण की शिकायतें आयी है तथा इन शिकायतों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही का विवरण किस प्रकार है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सरकार द्वारा प्रदेश के राशन कार्ड धारकों को गुणवत्तायुक्त राशन का वितरण करने हेतु क्या कदम उठाये जा रहे है? यदि नहीं, तो क्यों? | खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |

# नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री बृजभूषण गैरोला<br>03.01.2023<br>श्री उमेश कुमार<br>09.01.2023<br>श्री प्रदीप बत्रा<br>23.02.2023 | *01. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कोई कार्य योजना बनाई गयी है ? क्या यह सत्य है, खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री खिलाड़ी उदीयमान उन्नयन योजना प्रारम्भ की गयी है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री खिलाड़ी उदीयमान उन्नयन योजना से क्या–क्या सुविधाएं दी जा रही हैं ? | खेल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>03.01.2023 | *02. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वाहन चालक लाईसेंस बनाने के लिए जनपदों में पृथक–पृथक शुल्क परिवहन कार्यालयों द्वारा वसूल किया जा रहा है ? क्या सरकार बतायेगी कि प्रदेश में दुपहिया, चारपहिया तथा भारी वाहनों को चलाने हेतु चालक लाईसेंस का शुल्क क्या निर्धारित किया गया है ? क्या सरकार ऐसे आवेदकों से शुल्क इत्यादि औपचारिकतायें पूर्ण करने व लाईसेंस जारी करने की प्रकिया को पारदर्शी बनाने हेतु ठोस उपाय करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्रीमती ममता राकेश<br>03.01.2023 | *03. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री अवगत हैं कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में "नंदा गौरा योजना" में आवेदन के लिए कठिन शर्तो का निर्धारण कर पात्रता के दायरे को कम करने का प्रयास किया गया है ? यदि हां, तो कठिन शर्तो के निर्धारण के क्या कारण है और उसके लिए कौन उत्तरदायी है ? क्या मंत्री जी उक्त योजना के लिए आवेदन की शर्तो को पूर्ववत् रखे जाने के आदेश निर्गत करेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| श्रीमती ममता राकेश<br>03.01.2023 | *04. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि सार्वजनिक सेवायान द्वारा घटित सड़क दुर्घटनाओं में हताहत होने वाले लोगों को सरकार द्वारा आर्थिक मदद् मिलने में देरी हो रही है ? यदि हां, तो राज्य में वर्ष 2020 से अब तक कितने व्यक्तियों को यह सहायता प्रदान की गयी है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि पुलिस मुकदमा दर्ज होने से जांच में देरी होती है जिसके फलस्वरुप मुआवजा भी देरी से प्राप्त होता है ? क्या सरकार सड़क सुरक्षा अधिनियम के तहत दुर्घटना में घायलों तथा मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा प्रदान करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री भुवन चन्द्र कापड़ी<br>03.01.2023 | *05. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री अवगत हैं कि ''सक्षम आगनबाड़ी एवं पोषण 20'' योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को पोषण देकर पंजीकरण अनिवार्य कर नवजात शिशुओं का भी आधार कार्ड मांगा जा रहा है? क्या यह सत्य है कि निदेशालय के पत्र संख्या सी.–395/अनु.पो.यो. 5789/21–22 दिनांक 09.05.2022 द्वारा नये जन्मे बच्चे का आधार कार्ड उपलब्ध कराया जाना सम्भव नहीं है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस अनिवार्यता को समाप्त करने के आदेश देंगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>03.01.2023 | *06. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि खेलकूद विभाग और युवा कल्याण विभाग को एकीकृत करने का प्रस्ताव है ? यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है तथा इस दिशा में क्या–क्या कदम उठाये गये है ? | युवा कल्याण |
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट<br>06.01.2023 | **''मा0 उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त''**<br>*07. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के लालकुऑ विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत हल्द्वानी शहर के निकट गौलापार में आई.एस.बी.टी. का निर्माण कराये जाने हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है? क्या सरकार द्वारा आई.एस.बी.टी. हेतु कोई अन्य स्थान चयनित किया गया है ? यदि हां, तो उक्त स्थान पर आई.एस.बी.टी. का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री महेश जीना<br>13.01.2023 | **''द्वितीय बुधवार के तारांकित प्रश्न संख्या 04 में स्थानांतरित''**<br>*08. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में वर्ष 2016–17 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाली पात्र छात्राओं को गौरा देवी कन्याधन योजना का आतिथि तक लाभ प्राप्त नही हो पाया है, क्योंकि तत्समय योजना समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जा रही थी और विभाग की उस समय इस सम्बन्ध में कोई स्पष्ट नीति नहीं थी और विभाग द्वारा पूर्व से संचालित योजना में परिवर्तन कर दिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार सभी पात्र छात्राओं को जिन्होंने वर्ष 2016–17 में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण की थी उन्हें योजना का लाभ प्रदान करेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| श्री प्रीतम सिह पंवार<br>18.01.2023 | *09. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में केन्द्र और राज्य योजनाओं के तहत लम्बे समय से सरकारी सस्ता गल्ला विकेताओं का लाभांश लम्बित है ? क्या सरकार बतायेगी कि सरकारी सस्ता गल्ला विकेताओं को लाभांश न मिलने से उनमें भारी आकोश व्याप्त है, जिस कारण राशन डीलरों द्वारा राशन वितरण ठप्प करने का लिखित ज्ञापन सरकार को दिया गया है ? यदि हां, तो प्रदेश के राशन डीलरों के लम्बित लाभांश का भुगतान कब तक कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री मयूख महर**<br>**20.01.2023** | *10. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने स्थानों में दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए रात्रि 8:00 बजे के बाद मोटर मार्ग बन्द कर दिये जाते है तथा जनपद पिथौरागढ़ में विगत वर्ष (2022) में कुल कितनी सड़क दुर्घटनायें हुई है उनमें कितनी दुर्घटना दिन में हुयी और कितनी दुर्घटनायें रात में हुई ? क्या यह भी सत्य हैं कि दुर्घटनाओं का अनुपात दिन में ज्यादा और रात्रि में कम है ? यदि हां, तो रात्रि को रोड में बैरियर लगाने का क्या औचित्य है? क्या सरकार भविष्य में रात्रिकालीन इन बैरियरों को हटाने पर विचार करेंगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| **श्री शहजाद**<br>**20.01.2023** | **"द्वितीय मंगलवार के तारांकित प्रश्न संख्या 09 में स्थानांतरित"**<br>*11. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वे हेतु गठित एकल सदस्यीय समर्पित आयोग द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में कुल जनसंख्या कितनी है एवं सम्पूर्ण प्रदेश में इनका प्रतिशत कितना है ? क्या सरकार उक्त आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग को संविधान प्रदत्त 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| **श्रीमती ममता राकेश**<br>**24.01.2023** | *12. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य खाद्य योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा ए.पी.एल. कार्ड धारक उपभोक्ताओं को विगत् कई वर्षो से गेहूं एवं चीनी का वितरण बन्द कर दिया गया है ? क्या सरकार पूर्व में लागू प्रणाली के तहत गेहूं एवं चीनी का वितरण ए.पी.एल. कार्डधारकों हेतु पुनः लागू करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |
| **श्री भुवन चन्द्र कापड़ी,**<br>**30.01.2023** | *13. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम में वर्ष 2017 से मृतक आश्रितों को सेवायोजित किये जाने की प्रकिया बन्द कर दी गई है, जिस कारण मृतक कार्मिकों के आश्रितों पर गम्भीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है ? क्या सरकार जनहित में उत्तराखण्ड परिवहन निगम में मृतक कार्मिकों के आश्रितों को सेवायोजित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| **श्री विरेन्द्र कुमार**<br>**13.02.2023** | **"विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त"**<br>*14. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में वर्ष 2020–21, 2021–22 तथा 2022–23 में स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान निधि के अन्तर्गत प्रदेश के प्रत्येक जनपद को कितनी–कितनी धनराशि आवंटित की गयी है, तथा इसके आवंटन की नीति क्या है? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री त्रिलोक सिंह चीमा<br>16.02.2023 | *15. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुमायूं मण्डल की जनता की लम्बे समय से रामनगर से हरिद्वार होते हुए देहरादून तक सीधी रेल सेवा का संचालन किए जाने की मांग के संबंध में मेरे द्वारा विधान सभा के तृतीय सत्र 2022 में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में अवगत कराया गया था कि राज्य सरकार द्वारा पत्र सं0 165 दिनांक 10.12.2018, पत्र सं0 238 दिनांक 28.2.2019, पत्र संख्या 54 दि0 4.3.2021 एवं पत्र संख्या 383 दिनांक 15.09.2022 के माध्यम से रामनगर–हरिद्वार–देहरादून के मध्य प्रतिदिन रेल संचालन हेतु रेल मंत्रालय भारत सरकार को अनुरोध किया गया है तथा रेल मंत्रालय, भारत सरकार से स्वीकृति अपेक्षित है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सम्बन्धित रेलगाड़ी के परिचालन की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है? यदि नहीं, तो राज्य सरकार द्वारा दिनांक 15.09.2022 के उपरान्त क्या–क्या प्रयास किये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>17.02.2023 | *16. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पिछले पाँच वर्षों के अन्दर कितने पी0आर0डी0 के जवानों की सेवाकाल में असामयिक मृत्यु हुई है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि मृतक पी0आर0डी0 जवानों के आश्रितों को वही सुविधाएं दी गई है जो असामयिक मृत्यु की स्थिति में पुलिस और होमगार्ड के आश्रितों को दी जाती है ? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ? क्या सरकार पी0आर0डी0 जवानों के आश्रितों को भी सेवाकाल के दौरान मृत्यु होने पर उपरोक्त सुविधाएं देने और नौकरी देने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>17.02.2023<br>श्रीमती ममता राकेश<br>27.02.2023 | *17. क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि राज्य की कितने प्रतिशत सस्ते गल्ले की दुकानों में बायोमैट्रिक प्रणाली से सस्ते गल्ले का वितरण किया जा रहा है ? क्या मंत्री जी को इस तथ्य की जानकारी है कि इस प्रणाली के माल्फंगक्शनिंग की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को घंटों तक राशन प्राप्ति के लिए लाईनें लगानी पड़ रही है ? क्या सरकार सस्ते गल्ले की वितरण प्रणाली को सुबोध बनाने हेतु कोई ठोस नीति बना रही हैं ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.01.2023 | *18. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 04 अक्टूबर, 2022 को द्रौपदी का डांडा–दो में हिमस्खलन की चपेट में आने से 27 प्रशिक्षु व 2 प्रशिक्षक सहित कुल 29 लोग मारे गये थे ? क्या यह सत्य है कि ए.वी.डी. (एवलांच विक्टिम डिटेक्टर) होता तो हिमस्खलन की चपेट में आये पर्वतारोहियों को बचाया जा सकता था ? क्या सरकार ऐसे अभियानों के संचालन से पूर्व ए.वी.डी. (एवलांच विक्टिम डिटेक्टर) को सभी सदस्यों को पहनने की शर्त अनिवार्य करेगी ? यदि हां, तो सरकार इस विषय पर क्या नीति बना रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार** 03.01.2023 | 01. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के नौजवानों की खेल प्रतिभाओं को परिष्कृत कर उन्हें राज्य/राष्ट्रीय तथा अन्तराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में प्रतिभाग करने, प्रोत्साहित किये जाने की कोई योजना है ? यदि हां, तो वह योजना क्या है और पिछले पांच वर्षो में जनपदवार कुल कितने ग्रामीण क्षेत्र के नौजवानों को प्रोत्साहित कर उनसे प्रतिभाग करवाया गया ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार** 03.01.2023 | 02. क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड जौनपुर तथा थौलधार में पृथक–पृथक श्रेणी के कुल कितने राशन कार्ड धारक है ? क्या सरकार बतायेगी कि सभी श्रेणी के राशनकार्ड धारकों के राशनकार्ड डिजिटल बनाकर वितरित हो गये है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार** 03.01.2023 | 03.क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड जौनपुर व थौलधार में कुल कितने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है और कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों के पास भवन उपलब्ध है? क्या सरकार बतायेगी कि भवनविहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों का निर्माण कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| **श्री बृजभूषण गैरोला** 05.01.2023 | 04. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के थौलधार विकासखण्ड की पट्टी अठूर (हाल निवासी विस्थापित क्षेत्र अठूरवाला जिला देहरादून) के निवासियों द्वारा पिछड़ा क्षेत्र में शामिल किये जाने की मांग लम्बे समय से की जाती रही है ? क्या यह सत्य हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखण्ड थौलधार में निवासरत गंगाड़ी समुदाय के लोगों (अनुसूचित जाति/जनजाति ) को छोड़कर अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल किया गया था? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा अठूर पट्टी के मूल निवासी जो गंगाड़ी समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा वर्तमान में टिहरी बांध विस्थापित क्षेत्र अठूरवाला जनपद देहरादून में निवासरत है, को पिछड़ा वर्ग में शामिल किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| **श्री बृजभूषण गैरोला** 06.01.2023 | 05. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र डोईवाला में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र भवनविहीन हैं ? क्या यह सत्य हैं कि डोईवाला विधान सभा क्षेत्र में कई आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन जर्जर स्थिति में है ? क्या सरकार जनहित में भवनविहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री उमेश कुमार** 09.01.2023 | 06. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में विभाग द्वारा वर्ष 2017 से कितनी महिला सशक्तिकरण और बाल कल्याण की योजनायें संचालित की जा रही है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि विभाग द्वारा सभी संचालित योजनायें आज भी संचालित की जा रही है? यदि नहीं, तो इनमें से बन्द की गयी योजनाओं के नाम तथा उनके लाभार्थियों की संख्या कितनी थी और उन योजनाओं को बंद करने के क्या कारण है ? क्या सरकार बंद की गई योजनाओं का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| **श्री संजय डोभाल** 09.01.2023 | 07. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री में कुल कितने आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन निर्मित है तथा कितने आंगनबाड़ी केन्द्र भवनविहीन है, जो कि अन्यत्र चलाये जा रहे है ? क्या सरकार भवनविहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| **श्री उमेश कुमार** 10.01.2023 | 08. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के परिवारों के पुत्रियों के विवाह हेतु कितनी धनराशि की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र खानपुर में वर्ष 2017 से 2022 तक कुल कितने आवेदकों को उक्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गयी है ? क्या सरकार उपरोक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| **श्री उमेश कुमार** 11.01.2023 | 09. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में नंदा देवी कन्याधन योजना "हमारी कन्या हमारा अभिमान" योजना के तहत वर्ष 2017 से वर्ष 2022 तक कितनी कन्याओं को लाभान्वित करने की प्रक्रिया शासन स्तर पर गतिमान है ? क्या मंत्री जी उत्तराखण्ड राज्य में उक्त योजना से लाभान्वित की जा रही कन्याओं का जिलेवार विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| **श्री उमेश कुमार** 11.01.2023 | 10. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के खानपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्मित है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि खानपुर विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों का निर्माण कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.01.2023 | 11. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनपदवार पंजीकृत महिला मंगल दलों व युवक मंगलदलों की संख्या क्या है ? सरकार द्वारा इन पंजीकृत महिला मंगल दलों व युवा मंगल दलों को प्रोत्साहित किए जाने हेतु प्रति दल कितनी वित्तीय प्रोत्साहन राशि वितरित की गयी है ? क्या सरकार उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य करने वाले दलों को विशेष प्रोत्साहन देने पर विचार करने जा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.01.2023 | 12. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों को अपग्रेड करने हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को जाते है ? यदि हां, तो क्या सरकार बतायेगी कि प्रदेश के मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों को जनपदवार अपग्रेड करने के प्रस्ताव को राज्य सरकार द्वारा किस–किस तिथि को भारत सरकार के सम्बन्धित मंत्रालय को प्रेषित किये गये है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.01.2023 | 13. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून से वाया मसूरी–सुवाखोली–नगुण–कण्डीसौड़–चम्बा–नई टिहरी तथा उसी दिन नई टिहरी से चम्बा–कण्डीसौड़–नगुण–भवान–सुवाखोली–मसूरी–देहरादून तक परिवहन निगम की बस का संचालन करवाया जायेगा? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.01.2023 | 14. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि देहरादून पर्वतीय डिपो से प्रातः 5:30 बजे प्रतिदिन परिवहन निगम की एक बस लैंसडाऊन (कालोडांडा) जाकर लैंसडाऊन से उसी दिन 12:30 बजे दोपहर को वापस देहरादून हेतु संचालित परिवहन निगम की बस अब बंद कर दी गई है ? क्या सरकार अवगत हैं कि उक्त बस के संचालन के बन्द होने से देहरादून से लैंसडाऊन व लैंसडाऊन से देहरादून आने–जाने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार उक्त बस का संचालन पुनः करायेगी ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.01.2023 | 15. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थत्यूड़ (जौनपुर) जनपद टिहरी गढ़वाल के पुराने भवन को बाल विकास परियोजना कार्यालय थत्यूड़ (जौनपुर) को उपयोगार्थ दिये जाने की सहमति स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त हुई है ? क्या यह सत्य है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थत्यूड़ के पुराने भवन को मरम्मत के पश्चात बाल विकास परियोजना कार्यालय थत्यूड़ के रुप में संचालन हेतु प्रयोग में लाया जा सकता है ? क्या सरकार उक्त भवन के अनुरक्षण हेतु धनावंटन करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री संजय डोभाल<br>11.01.2023 | 16. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत दूर–दराज के गांवों के लिए परिवहन सेवा की अनुपलब्धता के कारण जनता को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के दूर–दराज के गांवों के लिए परिवहन विभाग की बसों को संचालित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री संजय डोभाल<br>11.01.2023 | 17. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका एवं कार्यकत्री के पद विगत् वर्षो से रिक्त चल रहे है? क्या सरकार आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका के रिक्त चल रहे पदों पर नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>17.01.2023 | 18. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के भीमताल नगर में परिवहन निगम का बस स्टेशन कब तक खोला जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिह पंवार<br>18.01.2023 | 19. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत देहरादून– रायपुर– कुमाल्डा– सत्यों– कद्दूखाल– चम्बा–नई टिहरी तथा नई टिहरी से उसी रुट में वापसी हेतु देहरादून तक परिवहन निगम की बस का संचालन करवाया जायेगा ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिह पंवार<br>18.01.2023 | 20. क्या छात्र कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में छात्र–छात्राओं को सरकार द्वारा देय छात्रवृत्तियों में वृद्धि का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो ऐसे विचाराधीन प्रस्ताव पर कब तक निर्णय लिया जायेगा, जिससे छात्रवृत्ति में वृद्धि की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | छात्र कल्याण |
| श्री प्रीतम सिह पंवार<br>18.01.2023 | 21. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को प्रोत्साहित करने, खेल प्रतिभाओं के उत्थान एवं विकास करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा कोई नीति या कार्ययोजना का निर्माण किया गया है ? यदि हां, तो वह क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| श्री प्रीतम सिह पंवार<br>18.01.2023 | 22. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राज्य खाद्य योजना का लाभांश राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के बराबर 180 रुपये प्रति कुन्तल कराये जाने की मांग सरकारी सस्ता गल्ला के विक्रेताओं द्वारा की जा रही है? यदि हां, तो राज्य खाद्य योजना का लाभांश राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के बराबर 180 रुपये प्रति कुन्तल दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**03.01.2023** | 01. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के नौजवानों की खेल प्रतिभाओं को परिष्कृत कर उन्हें राज्य/राष्ट्रीय तथा अन्तराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में प्रतिभाग करने, प्रोत्साहित किये जाने की कोई योजना है ? यदि हां, तो वह योजना क्या है और पिछले पांच वर्षो में जनपदवार कुल कितने ग्रामीण क्षेत्र के नौजवानों को प्रोत्साहित कर उनसे प्रतिभाग करवाया गया ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**03.01.2023** | 02. क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड जौनपुर तथा थौलधार में पृथक–पृथक श्रेणी के कुल कितने राशन कार्ड धारक है ? क्या सरकार बतायेगी कि सभी श्रेणी के राशनकार्ड धारकों के राशनकार्ड डिजिटल बनाकर वितरित हो गये है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**03.01.2023** | 03.क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड जौनपुर व थौलधार में कुल कितने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है और कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों के पास भवन उपलब्ध है? क्या सरकार बतायेगी कि भवनविहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों का निर्माण कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| **श्री बृजभूषण गैरोला**<br>**05.01.2023** | 04. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के थौलधार विकासखण्ड की पट्टी अठूर (हाल निवासी विस्थापित क्षेत्र अठूरवाला जिला देहरादून) के निवासियों द्वारा पिछड़ा क्षेत्र में शामिल किये जाने की मांग लम्बे समय से की जाती रही है ? क्या यह सत्य हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखण्ड थौलधार में निवासरत गंगाड़ी समुदाय के लोगों (अनुसूचित जाति/जनजाति ) को छोड़कर अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल किया गया था? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा अठूर पट्टी के मूल निवासी जो गंगाड़ी समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा वर्तमान में टिहरी बांध विस्थापित क्षेत्र अठूरवाला जनपद देहरादून में निवासरत है, को पिछड़ा वर्ग में शामिल किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| **श्री बृजभूषण गैरोला**<br>**06.01.2023** | 05. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र डोईवाला में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र भवनविहीन हैं ? क्या यह सत्य हैं कि डोईवाला विधान सभा क्षेत्र में कई आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन जर्जर स्थिति में है ? क्या सरकार जनहित में भवनविहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |

| | | |
|---|---|---|
| **श्रीमती ममता राकेश**<br>**23.01.2023** | 23. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी राजा विजय सिंह कुंजा बहादुरपुर के नाम पर सरकार कोई छात्रवृत्ति योजना प्रारम्भ करने जा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| **श्री आदेश सिंह चौहान**<br>**24.01.2023** | 24. क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार द्वारा कब्रिस्तानों / श्मशान घाटों हेतु कितना बजट स्वीकृत किया जाता है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा विधान सभा क्षेत्र जसपुर के अंतर्गत आने वाले कब्रिस्तानों / श्मशान घाटों हेतु बजट का प्राविधान किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | अल्पसंख्यक कल्याण |
| **श्री भुवन चन्द्र कापड़ी**<br>**24.01.2023** | 25. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के बहादराबाद में स्थित इन्दिरा प्रियदर्शनी महिला हॉस्टल कामकाजी महिलाओं को न्यूनतम दरों पर मासिक किराये पर दिया जा रहा था ? क्या यह सत्य है कि अब उक्त हॉस्टल सरकार द्वारा पी.पी.पी. मोड पर दे दिया गया है, जिस कारण उस हॉस्टल में निवास कर रही महिलाओं को प्रतिमाह हॉस्टल किराया बढ़ा कर देना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा हॉस्टल में निवास करने वाली महिलाओं से पूर्व की भांति निर्धारित दरों पर किराया लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| **श्रीमती अनुपमा रावत**<br>**08.02.2023** | 26. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बोक्सा जनजाति के शासकीय, व्यवसायिक एवं आर्थिक उन्नयन के लिए चलाये जा रहे विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों का ब्यौरा किस प्रकार है और इनमें से केन्द्र की वित्त पोषित योजनाओं का ब्यौरा क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कुल बोक्सा आबादी कितनी है तथा इनके लिए संचालित की जा रही योजनाओं और उन पर खर्च का ब्यौरा किस प्रकार है ? | समाज कल्याण |
| **श्रीमती अनुपमा रावत**<br>**09.02.2023** | **"द्वितीय बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 03 में स्थानान्तरित"**<br>27. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में श्मशान घाटों व कब्रिस्तानों के जीर्णोद्धार व उनकी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने की कोई कार्य योजना है ? यदि हॉ, तो हरिद्वार जनपद में कुल ऐसे कितने श्मशान घाट व कब्रिस्तान है, जिनके सुधारीकरण व अतिक्रमण रोकने के लिए कार्य किये जाने का प्रस्ताव है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| **श्रीमती अनुपमा रावत**<br>**09.02.2023** | 28. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में आई.एस.बी.टी. के निर्माण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा जनपद हरिद्वार में आई.एस.बी.टी. का निर्माण कब तक करा दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>10.02.2023 | 29. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि समाज कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2016 में कौन–कौन सी कल्याण पेंशन प्रारम्भ की गई थी? क्या ये सभी पेंशन योजनायें अभी भी संचालित की जा रही है? यदि नहीं, तो कौन–कौन सी पेंशन योजनायें इस दौरान बंद की गई हैं और उन पेंशन को बंद करने का क्या औचित्य हैं ? | समाज कल्याण |
| श्री विरेन्द्र कुमार<br>13.02.2023 | 30. क्या समाज कल्याण मंत्री को ज्ञात है कि प्रदेश में पिछले कई वर्षों से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओ0बी0सी0 एवं अन्य छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना का लाभ समय से नहीं मिल पा रहा है तथा छात्र–छात्रायें लगातार लम्बित छात्रवृत्ति के भुगतान की मांग करते चले आ रहे है ? क्या सरकार पिछले कई वर्षों से लम्बित छात्रवृत्ति का भुगतान उपरोक्त छात्र/छात्राओं को करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री त्रिलोक सिंह चीमा<br>16.02.2023 | 31. क्या परिवहन मंत्री बतने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के काशीपुर में उत्तराखण्ड परिवहन निगम के बस अड्डे एवं वर्कशाप को स्थानान्तरित किए जाने के संबंध में मेरे द्वारा विधानसभा के तृतीय सत्र 2022 में पूछे गए प्रश्न के लिखित उत्तर में सरकार द्वारा अवगत कराया गया था कि काशीपुर बस अड्डे के स्थानान्तरण हेतु काशीपुर के ग्राम कचनाल गुसाई (काशीपुर–रूद्रपुर मार्ग) स्थित सिडकुल के नाम दर्ज 10 एकड़ भूमि का चयन किया गया है तथा उत्तराखण्ड परिवहन निगम के नाम भूमि हस्तान्तरण की कार्यवाही गतिमान है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम के नाम भूमि हस्तान्तरण की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है ? यदि हां, तो कितनी भूमि हस्तांतरित की गई है और बस अड्डे का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>17.02.2023 | 32. क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विगत वर्ष प्रदेश में सस्ता गल्ला विक्रेताओं की नियुक्ति किये जाने हेतु सरकार को कितने आवेदन प्राप्त हुए और इनमें से कितने आवेदन स्वीकृत किए गये है ? क्या इन स्वीकृत आवेदनों में कुछ संख्या ऐसे आवेदकों की भी है जो अनुसूचित जाति और जनजाति से सम्बद्ध है? यदि हां, तो सरकार तत्सम्बन्धी विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलें |
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>17.02.2023 | 33. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ग्रामीण नौजवानों में शारीरिक पुष्टता बढ़ाने के लिए पूरे प्रदेश में सरकार द्वारा कितने जिम स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया है ? यदि हां, तो इनमें से जनपद हरिद्वार में कितने जिम खोले जाने प्रस्तावित है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |

**श्री प्रदीप बत्रा**

**24.02.2023**

**"द्वितीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–23 में स्थानान्तरित"**

34. क्या खेल मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र रूड़की में खेलों के लिये एक मात्र नेहरू स्टेडियम है, जो अत्यधिक जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है ? क्या यह सत्य हैं कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा उक्त स्टेडियम के जीर्णोद्धार की घोषणा की गयी थी ? यदि हां, तो नेहरू स्टेडियम का जीर्णोद्धार कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं तो क्यों ?

खेल